

लोक कला और संस्कृति के पश्चिम भारत के सबसे बड़े शिल्पग्राम महोत्सव का आगाज मंगलवार को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। हालांकि यह महोत्सव कोरोना महामारी के प्रभाव से अछूता नहीं रहा। शिल्प एवं कला संबंधी बाजार में बीस फीसदी ही विक्रेताओं को जगह प्रदान की गई है।


# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्षः27 अंकः 11 दिनांकः 22-12-2021 बुधवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठः4 अहमदाबाद M




कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार में मंत्री रहे कांग्रेस विधायक राणा गुरमीत सिंह सोढी भाजपा में शामिल हो गए हैं। राणा सोढी के परिवार का गुरुहरसहाय में वर्चस्व रहा है। पंजाब में गुरुओं के वंशज और सोढी समुदाय में राणा सोढी के परिवार का दबदबा है।

## माफिया राज ख़त्म होने का सबसे बड़ा फायदा यूपी की बहनों और बेटियों को मिला है: पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री ने प्रयागराज का दौरा किया और एक कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें लाखों महिलाएं उपस्थित थीं

- प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को 1,000 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जिससे लगभग 16 लाख महिला सदस्यों को लाभ मिलेगा

नई दिल्ली/प्रयागराज (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज का दौरा किया और महिलाओं को विशेष रूप से जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के बैंक खातों में 1,000 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की, जिससे एसएचजी की लगभग 16 लाख महिला सदस्यों को लाभ मिलेगा। धनराशि का यह हस्तांतरण दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत किया जा रहा है, जिसमें 80,000 एसएचजी, सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) के अंतर्गत 1.10 लाख रुपये प्रति एसएचजी और 60,000 एसएचजी, चक्रीय निधि (रिवाल्विंग फंड) के रूप में 15,000 रुपये प्रति एसएचजी प्राप्त कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 20,000 व्यवसाय प्रतिनिधि-सखियों (बीसी-सखियों) के खातों में पहले महीने के मानदेय के रूप में 4,000 रुपये हस्तांतरित करके बीसी-सखियों को प्रोत्साहन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 1 लाख से अधिक लाभार्थियों को कुल 20 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की। प्रधानमंत्री ने पूरक पोषण निर्माण की 202 इकाइयों की आधारशिला रखी।

प्रधानमंत्री ने हिंदी साहित्य के महान रचनाकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज हजारों सालों से हमारी मातृशक्ति की प्रतीक मां गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम की धरती रही है। उन्होंने कहा कि आज ये तीर्थ नगरी नारी-शक्ति के इतने अद्भुत संगम की भी साक्षी बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों को पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसे कार्यक्रम, जिसके तहत उन्होंने आज राज्य की एक लाख से अधिक लाभार्थी बेटियों के खातों में करोड़ों रुपये हस्तांतरित किए, गांव-गरीब के लिए, बेटियों के लिए भरोसे का बहुत बड़ा माध्यम बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की महिलाओं को जो सुरक्षा दी है, जो सम्मान दिया है, उनकी गरिमा बढ़ाई है, वो अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने, माताओं-बहनों-बेटियों ने ठान लिया है- अब वो पहले वाला दौर, वापस नहीं आने देंगी। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान द्वारा लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए समाज की चेतना को जगाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप कई राज्यों में बेटियों की संख्या में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा हमने गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, अस्पतालों में डिलीवरी और गर्भावस्था के दौरान पोषण पर विशेष ध्यान दिया। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत गर्भावस्था के दौरान 5 हज़ार रुपये महिलाओं के बैंक खाते में जमा किए जाते हैं, ताकि वो उचित खान-पान का ध्यान रख सकें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालय बनने से, उज्ज्वला योजना के तहत गरीब से गरीब बहनों को गैस कनेक्शन की सुविधा मिलने से,घर में ही नल से जल आने से, बहनों के जीवन में सुविधा भी आ रही है और उनकी गरिमा में भी वृद्धि हुई है।

## पंजाब में अब हिंदू धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी का मामला, हिंदू संगठनों में रोष

लुधियाना (ईएमएस)। जहां पंजाब पुलिस की ओर से बेअदबी की घटनाओं को लेकर अलर्ट जारी किया हुआ है वहीं दूसरी तरफ पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने ही हिंदू धार्मिक ग्रंथों के खंडित अंग मिले हैं,जिससे हिंदू संगठनों में रोष देखा जा रहा है।शिवसेना पंजाब के चेयरमैन राजीव टंडन, अमित अरोड़ा और गोरा थापर ने अंग उठाकर पुलिस के हवाले कर मामले की जांच करने की मांग की है।

शिव सैनिकों का कहना है कि चन्नी सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। एक तरफ गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी हो रही हैं, पुलिस को अलर्ट किया हुआ है।दूसरी तरफ हिंदू ग्रंथों की बेअदबी हो रही है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने स्थित ढाबे और प्राचीन शिव मंदिर के पास पीपल के पेड़ के नीचे हिंदू धार्मिक ग्रंथ श्री गरुड़ पुराण, श्री मदभागवत गीता और अन्य ग्रंथ पड़े होने की सूचना जैसे ही शिव सैनिकों को मिली,तब वह मौके पर पहुंचे। यहां आकर सड़क पर फेंके गए ग्रंथों के अंगों को उठाया और इसकी सूचना पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर को फोन कर दी।

## विपक्षी की प्रवर समिति की मांग दरकिनार, ध्वनिमत से पारित हुआ निर्वाचन कानून (संशोधन) विधेयक 2021

नई दिल्ली (ईएमएस)। राज्यसभा ने विपक्षी सदस्यों के वाकआउट के बीच निर्वाचन कानून (संशोधन) विधेयक 2021 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्षी सदस्य विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग कर रहे थे। मतदाता सूची में दोहराव और फर्जी मतदान रोकने के लिए मतदाता पहचान पत्र और सूची को आधार कार्ड से जोड़ने का प्रस्ताव करने वाले विधेयक को राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच हुई संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। लोकसभा बिल को सोमवार को पारित कर चुकी है। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं निजता के अधिकार का उल्लंघन करने वाला बताया। कुछ विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की जरूरत पर जोर देकर प्रस्ताव पेश किए और मत विभाजन की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, सुखेंदु शेखर राय और माकपा के जॉन ब्रिटस ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया जिस पर उप सभापति हरिवंश ने कहा कि वह मत विभाजन के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए आसन के समक्ष हंगामा कर रहे सदस्यों को अपने स्थानों पर जाना होगा।

राज्यसभा से निलंबित 12 सदस्यों का निलंबन वापस लेने तथा लखीमपुर खीरी मामले को लेकर गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्षी दलों के कुछ सदस्य आसन के समक्ष हंगामा कर रहे थे। हंगामे के बीच ही सदन में विधेयक को ध्वनि मत से मंजूरी दे दी गई। तृणमूल सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने इसी दौरान असंतोष जताते हुए राज्यसभा की नियमावली पुस्तिका अधिकारियों की मेज की ओर उछाली और फिर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, वाम दलों, द्रमुक और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी आदि विपक्षी दलों के सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, अन्नाद्रमुक, बीजू जनता दल और टीएमसी-एम ने यह कहते हुए विधेयक का समर्थन किया कि इससे चुनाव प्रणाली को साथ-सुथरा बनाने में मदद मिलेगी।

## कोलकाता नगर निगम चुनाव टीएमसी की बंपर जीत, भाजपा के खाते में गई 3 सीटें

कोलकाता (ईएमएस)। नगर निगम चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ी जीत मिली है। जबकि कांग्रेस, लेफ्ट और भाजपा को निराशा हाथ लगी है।बता दें कि 144 वार्ड में से 134 पर टीएमसी या जीत चुकी है या बढ़त बनाए हुए है। वहीं बंगाल विधानसभा में विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा दिखाई नहीं दे रही हैं।वहीं शुभेंदु अधिकारी राज्य चुनाव आयोग के कमिश्नर और कोलकाता पुलिस पर जमकर हमला बोल रहे हैं।

ममता की पार्टी ने कोलकाता नगर निगम की सत्ता पर लगातार तीसरी बार कब्जा कर लिया। एक सौ चौवालीस सदस्यीय निगम में टीएमसी ने 89 वार्डों पर जीत दर्ज कर ली है और बाकी सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा ने अब तक 3 सीट जीती है। टीएमसी के एमसी में बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। जबकि कांग्रेस ने दो सीटों पर फतह हासिल की है, लेकिन माकपा नीत वाम मोर्चा का सूपड़ा साफ हो चुका। अभी कुछ वार्डों पर मतगणना जारी है और दो वार्डों से वाम मोर्चा आगे चल रहा है।

दीदी ने केएमसी चुनाव में जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी।उन्होंने ट्वीट किया कि अत्यंत परिश्रम और कृतज्ञता के साथ लोगों की सेवा करना याद रखें ! मैं एक बार फिर हम पर विश्वास करने के लिए केएमसी के प्रत्येक निवासी को तहे दिल से धन्यवाद देती हूं। ममता ने कहा कि ये राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक जीत है, अन्य राजनीतिक पार्टियों भाजपा, कांग्रेस और माकपा को लोगों ने हरा दिया। ये जनादेश हमें विकास और लोगों के लिए काम करने में मदद करेगा, हम लोगों के लिए और ज़्यादा काम करने वाले है।

## 2014 से पहले 'लिंचिंग' शब्द सुनने में नहीं आता था : राहुल गांधी

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए हमला बोला है। पंजाब और कुछ अन्य जगहों पर भीड़ द्वारा पीट-पीटकर कथित तौर पर मार डालने (लिंचिंग) की हालिया घटनाओं की के संदर्भ में उन्होंने ट्वीट कर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि साल 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार बनने से पहले लिंचिंग शब्द सुनने में नहीं आता था। उन्होंने 'थैंक्यू मोदी जी' हैशटैग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, '2014 से पहले 'लिंचिंग' शब्द सुनने में भी नहीं आता था।'

राहुल के इस आरोप के बाद भाजपा उन पर पलटवार कर रही है। भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने ट्विटर पर एक वीडियो साझा करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने राजीव गांधी को मॉब लिंचिंग का जनक बताया। अपने ट्वीट में अमित मालवीय ने लिखा कि राजीव गांधी तो मॉब लिंचिंग के जनक थे जिन्होंने सिखों के खून से लथपथ नरसंहार को सही ठहराया था। इसके साथ ही अमित मालवीय ने दावा किया कि कांग्रेस के कई नेता सड़कों पर उतरे और खून का बदला खून से लेंगे जैसे नारे लगाए। महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया, सिख पुरुषों के गले में जलते टायर लपेटे गए जबकि कुत्तों को नाले में फेंके गए जले हुए शवों के पास ले जाया गया।

इससे पहले भी लिंचिंग को लेकर जिस तरीके से विपक्ष और सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार चलता रहता है। उससे आने वाले दिनों में राजनीतिक घमासान और भी देखने को मिल सकते हैं। गौरतलब है कि गत रविवार को पंजाब के कपूरथला के निजामपुर गांव में एक गुरुद्वारा में सिख धर्म के 'निशान साहिब' (ध्वज) का अनादर करने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति को भीड़ ने पीट-पीटकर कथित तौर पर मार डाला। इससे पहले अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शनिवार को कथित बेअदबी को लेकर भीड़ ने एक अन्य व्यक्ति की पीट-पीट कर कथित तौर पर जान ले ली थी।

## हिंद महासागर पर नजरे गड़ाए चीन की मंशा एशिया पर चौधराहट गांठने की

नई दिल्ली (ईएमएस)। ड्रैगन की हिंद महासागर पर बढ़ती गतिविधियां उसके मंशूबों को उजागर करती हैं। चीन हिंद महासागर पर नियंत्रण के जरिए एशिया पर प्रभुत्व जमाने की मंशा रखता है। विश्व की भवितव्यता का निर्णय इसके जल तल पर होगा। वैसे तो ये कथन दशकों पुराने हैं लेकिन वर्तमान संदर्भ में ये सच होता प्रतीत हो रहा है। हिंद महासागर को नियंत्रित करने के लिए युद्ध शुरू हो गया है। चीनी सेना भीतरखाने से भारत को चुनौती देने की फिराक में लगा है। हिंद महासागर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह लगभग 20 प्रतिशत पानी की सतह को कवर करता है।

दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती मनमानी से तो हर कोई वाकिफ है। अब दूसरी तरफ हिंद महासागर में वर्चस्व बढ़ाने के लिए चीन तैयारियों में लगा है। चीन हिंद महासागर में अपने एक मिलिट्री बेस बनाने की मंशा पाले है। हिंद महासागर में मौजूद अलग अलग छोटे देशों के साथ भारत अपने संबंधों को और मजबूती तो दे ही रहा है, इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट में दावा किया है कि हिंद महासागर में भारत काफी मजबूती के साथ एक नौसेना अड्डे का निर्माण कर रहा है और भारत का मकसद हिंद महासागर में अपना रुतबा बढ़ाने के साथ साथ वर्चस्व भी कायम करना है।

चीन इस वजह से क्यों हावी होना चाहता था? क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था इस पर निर्भर करती है। चीन को आर्थिक हितों की रक्षा के लिए हिंद महासागर की जरूरत है। इन आंकड़ों पर ध्यान से गौर करें। 80 प्रतिशत के करीब तेल दो समुद्री मार्गों से आयात किया जाता है- 1- हिंद महासागर, 2- मलक्का ट्रेट वर्तमान में दोनों ही रास्ते चीनी नियंत्रण से बाहर के हैं। मध्य पूर्व अफ्रीका और यूरोप के साथ चीन का 95 प्रतिशत व्यापार हिंद महासागर से होकर गुजरता है। हिंद महासागर हमेशा से बड़ी ताकतों के स्ट्रैटिजिक रेडार पर रहा है क्योंकि यह जलक्षेत्र तेल, खनिज, मछली जैसे संसाधनों से भरपूर है। दुनिया भर के कारोबार का बड़ा हिस्सा इसी रूट से गुजरता है। भारत में आर्थिक विकास के लिए भी यह जरूरी है कि उसकी ब्लू इकॉनमी (अर्थव्यवस्था का समुद्र से जुड़ा पहलू) में तेजी आए। भारत के तेल आयात का भी बड़ा हिस्सा हिंद महासागर के रूटों से ही गुजरता है। ऐसे में जरूरी है कि भारत हिंद महासागर में ताकत बने और जलक्षेत्र से जुड़े पड़ोसी देशों का विश्वास हासिल करे।

## इंडियन ऑयल रिफाइनरी में भीषण आग, तीन लोगों की मौत, 44 जख्मी

हल्दिया (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में इंडियन ऑयल रिफाइनरी में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई, 44 लोग जख्मी हो गए। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के मुताबिक, आग रिफाइनरी की एक यूनिट में शटडाउन के दौरान हुई। आग लगने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 44 घायल हुए हैं। आग को बुझा लिया गया है और अब हालात नियंत्रण में हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ' दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर के जरिए कोलकाता लाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी।' हल्दिया रिफाइनरी की प्रमुख इकाइयों में मरम्मत जारी है। इसी दौरान 'मोटर स्पिरिट क्वालिटी' यूनिट में दोपहर 3 बजे आग लग गई। आईओसी ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी ट्वीट कर कहा कि हल्दिया रिफाइनरी में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में तीन लोगों की जान गई है। जबकि 44 लोग झुलसे हैं। कुछ घायलों को हल्दिया रिफाइनरी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## किसी भी समुदाय के किसी भी सदस्य को सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक प्रार्थना नहीं करनी चाहिये - खट्टर

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि किसी भी समुदाय के किसी भी सदस्य को सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक प्रार्थना नहीं करनी चाहिये। उनका यह बयान गुरुग्राम में खुले में जुमे की नमाज को लेकर कुछ हिंदूवादी संगठनों के विरोध की पृष्ठभूमि में आया है।

राज्य विधानसभा में शून्यकाल के दौरान नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने हिंदू संगठनों द्वारा की जा रही आपत्ति का मुद्दा उठाया।

इसका जवाब देते हुए खट्टर ने कहा कि सभी धर्मों के लोग निर्धारित धार्मिक स्थानों जैसे मंदिर,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च में प्रार्थना करते हैं और सभी बड़े त्योहारों तथा कार्यक्रमों के लिये खुले में अनुमति दी जाती है। लेकिन ताकत दिखाना, जिससे दूसरे समुदाय की भावना भड़कती है, वह उचित नहीं हैं।

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह दूसरी बार है जब इस मुद्दे को उठाया गया है। मुख्य विपक्षी पार्टी के सदस्य ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कुछ तत्व लगातार जुमे की नमाज को बाधित कर रहे हैं। संविधान ने सभी को अपने धर्म के पालन की अनुमति दी है। किसी को भी प्रार्थना बाधित करने का अधिकार नहीं है। गुरुग्राम में हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और शहर विकास का प्रतीक है। अगर कोई अपनी इच्छा से प्रार्थना नहीं पाएगा को क्या संदेश जाएगा?''

इसपर हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समुदाय के सदस्य को खुले स्थान पर ऐसे कार्यक्रम नहीं करने चाहिए। अगर वे करना चाहते हैं तो मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च में कर सकते हैं। यह सभी की जिम्मेदारी है कि शांतिपूर्ण माहौल कायम रहे और समाज में कोई टकराव न हो।

उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि लोग कुछ स्थानों (गुरुग्राम) पर जुमे की नमाज के लिए सहमत हुए हैं और नयी व्यवस्था होने तक इसपर सहमति है। लेकिन जब कुछ लोग ऐसे स्थानों के बाहर खुले में प्रार्थना करते हैं तो टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धर्मों के वार्षिक कार्यक्रम चाहे दशहरा, रामलीला, उर्स आदि का आयोजन अनुमति से खुले में होता है। लेकिन दैनिक और साप्ताहिक (प्रार्थना) नहीं, उसके लिए निर्धारित स्थान है।

## उत्तर प्रदेश, बंगाल और कर्नाटक में इनकम टैक्स की छापेमारी में करोड़ों की अघोषित आय का पता चला

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में इनकम टैक्स की हुई छापेमारी में करोड़ों की अघोषित आय का पता चला है। आयकर विभाग ने एक ब्यान में बताया कि विभाग ने 18 दिसंबर को सिविल कंस्ट्रक्शन, रियल स्टेट और एजुकेशनल संस्थान चलाने वाले कई लोगों के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की थी। कोलकाता का एक एंट्री ऑपरेटर के यहां भी छापेमारी की गई थी। कुल 30 जगहों पर ये छापेमारी हुई थी जिसमें लखनऊ, मैनपुरी, मऊ, कोलकाता, बेंगलुरू और एनसीआर शामिल है।छापेमारी में इनकम टैक्स की टीम ने तमाम महत्वपूर्ण दस्तावेज, हार्ड कॉपी डॉक्युमेंट्स, डिजिटल डाटा रिकवर करके जब्त किये, इन दस्तावेजों से टैक्स चोरी के तमाम सबूत मिले हैं। सिविल कंस्ट्रक्शन में शामिल आरोपी बोगस खर्चे दिखाकर करोड़ों रुपए के खर्चे दिखा रहे थे। इनके पास से ब्लेंक बिल बुक, स्टेम्पस, बोगस सप्लायर्स के साइन हुए चैक बुक मिले थे इन सभी को जब्त किया गया है। एक कंपनी से 86 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता लगा है। इसके अलावा एक शख्स ने कबूल किया है कि उसकी अघोषित आय 68 करोड़ रुपए है और अब वो टैक्स देने की बात कह रहा है। उसने पिछले कुछ सालों में कमाए गए 150 करोड़ रुपए की आय को घोषित नही किया था। अघोषित आय और इन्वेस्टमेंट को शेल कंपनियों द्वारा खर्चे में दिखाया जा रहा था। करीब 12 करोड़ रुपए के निवेश का पता लगा है जिसे आरोपी स्पष्टीकरण नहीं दे पाए।इसके अलावा एक और शख्स की शेल कंपनियों में 11 करोड़ रुपए के निवेश और बेनामी संपतियों में साढ़े 3 करोड़ रुपए के निवेश का पता चला है। इसके अलावा कोलकाता के एक एंट्री ऑपरेटर के यहां छापामारी की गई जो शेल कंपनियों की एंट्री करता था। इसने कई शेल कंपनियां बनाई और फर्जी केपिटल इनकम लगभग 408 करोड़ रुपए दिखाकर इसके जरिए 154 करोड़ रुपए का लोन दिखाया। डिजिटल एंट्री के अलावा हवाला लेनदेन भी सामने आया है। इन सभी एंट्री और कागजात को जब्त किया गया है।

## मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम हैक कर रही है सरकार-प्रियंका गांधी

लखनऊ (ईएमएस)। समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के फोन टैपिंग के आरोपों के बाद अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट हैक किए जा रहे हैं।

मंगलवार को जब प्रियंका से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फोन टैपिंग के आरोप पर सवाल किया गया, तो उन्होंने उसको टाल दिया। हालांकि, प्रियंका ने कहा कि मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो रहे हैं। सरकार को और कोई दूसरा काम नहीं है क्या? वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को प्रयागराज में मिशन महिला शक्ति के कार्यक्रम में शामिल होने पर अपनी प्रतिक्रिया में प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाओं से मैंने कहा था कि आप अपनी शक्ति पहचानो, आज आपकी शक्ति के सामने इस देश के प्रधानमंत्री झुक रहे हैं। उन्होंने ये घोषणाएं पांच सालों में क्यों नहीं कीं? चुनाव से पहले क्यों कर रहे हैं?

वहीं प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा- ''यूपी की महिलाओं देख लो! आपने अंगड़ाई ली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपके सामने झुक गए। मगर, अभी तो पत्ता हिला है, महिला शक्ति का तूफान आने वाला है। बहनों की एकजुटता क्रांति लाएगी।'' प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समझ गए हैं कि महिलाएं खड़ी हो गई हैं। पांच सालों से क्यों नहीं यह घोषणा हुई, आज क्यों कर रहे हैं? चुनाव से पहले? क्योंकि महिला जागरूक हो गई हैं। महिलाएं उठ गई हैं। मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं का नारा हमने दिया था। महिलाएं जाग गई हैं। मैं बहुत खुश हूं।

## माइनस डिग्री पारे के बीच कश्मीर में पाइपों में जम गया पानी

-बर्फ पिघलाने लेना पड़ा आग का सहारा

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तर भारत सहित, बिहार, जम्मू-कश्मीर आदि में हाड़कंपा देने वाली ठंड ने यहां का जीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। शीतलहर के प्रकोप ने लोगों को घरों के अंदर दुबके रहने पर मजबूर कर दिया है। पंजाब के अमृतसर समेत अन्य शहरों में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। राजधानी दिल्ली के प्रदूषण स्तर की बात करें तो आज भी यह 'बहुत खराब' रही और एयर क्वालिटी इंडेक्स 316 दर्ज किया गया। मुंबई और पुणे का एक्यूआई भी 'खराब' दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में सर्दी का कहर जारी है। दिल्ली में मंगलवार सुबह पारा चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के सफदरजंग इलाके में न्यूनतम तापमान सुबह 8:30 बजे 4 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते दिन राजधानी का न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री था। दिल्ली के अलावा, उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर आदि में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पंजाब के अमृतसर समेत अन्य शहरों में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। राजस्थान के कई जिलों में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ठंड का कहर इतना है कि ओस की बूंदे भी बर्फ बन जा रही हैं। वहीं, दिल्ली के पॉल्यूशन लेवल की बात करें तो आज भी यह 'बहुत खराब' रही और एयर क्वालिटी इंडेक्स 316 दर्ज किया गया। मुंबई और पुणे का एक्यूआई भी 'खराब' दर्ज किया गया है। मध्य और पूर्वी भारत में शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, इसके बाद राहत मिलने की संभावना है। बता दें कि मैदानी इलाकों में आईएमडी न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक गिरने पर शीतलहर की घोषणा करता है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम होने और सामान्य से 4.5 डिग्री कम होने पर भी शीतलहर घोषित की जाती है।

उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते समूचे उत्तर भारत में आई तापमान में गिरावट और सर्द हवा ने लखनऊ में भी लोगों का मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोग घरों में दुबके बैठे हैं जिनको घर से बाहर निकलना है उनके लिए तापमान में आई गिरावट और सर्द हवाओं ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बीते दो दिनों से लखनऊ में तापमान 6 डिग्री से 7 डिग्री रह रहा है। दिन में अधिकतम तापमान 19 से 20 डिग्री सेल्सियस रह रहा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले 2 दिनों तक यूं ही सर्द हवा चलती रहेंगी। 24 दिसंबर के बाद लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ऐसे में लोगों के लिए अलाव ही सहारा बचता है। मंगलवार से कश्मीर में साल की सबसे सर्द मौसम चिल्लाई कला की शुरुआत हो गई है 40 दिन तक चलने वाले चिल्लाई कला में न सिर्फ ठंड बढ़ती है बल्कि अधिक बर्फबारी भी होती है। साल के इस सर्द मौसम ने पहले ही अपने तेवर दिखाने शुरू किए, जब श्रीनगर में पारा माइनस 6 डिग्री तक पहुंचा। घाटी के दूसरे इलाकों का भी कुछ ऐसा ही हाल है। शोपियां जिले के कई इलाकों में पानी के पाइप जम गए हैं, जिससे कई गांवों में पीने के पानी के लिए संकट बन आया है।

## जापान में मंगलवार को तीन आरोपियों को फांसी पर चढ़ाया गया

टोक्यो (ईएमएस)। जापान में मंगलवार को तीन व्यक्तियों को फांसी पर चढ़ाया गया।देश में मृत्युदंड के विरूद्ध मानवाधिकार संगठनों द्वारा उठ रही आवाज के बीच पिछले दो सालों में पहली बार फांसी दी गई है। इन तीनों में एक यासुटाका फजिशिरो को 2004 में सात लोगों की हत्या करने एवं उनके घर में आग लगाने का दोषी पाया गया था, जबकि दो अन्य तोमोआकी ताकनेजावा एवं मित्सूनोरी ओनोगावा को 2003 में पिनबॉल पार्लर (जहां बॉल का एक खेल होता है) के दो कर्मियों की हत्या का कसूरवार पाया गया। जापान के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में सुबह इन तीनों को फांसी पर चढ़ाया गया। उन्हें सुबह तक फांसी पर चढ़ाये जाने की जानकारी नहीं दी गई थी। सन 2007 से जापान फांसी पर चढ़ाये जाने वालों तथा उनके अपराधों के बारे में कुछ जानकारियां देने लगा है लेकिन वह सूचना अब भी सीमित होती है। न्याय मंत्री योशिहिसा फुरूकावा ने कहा कि तीनों ने बहुत ही 'घृणित अपराध' किया था और यह सजा उपयुक्त थी।

### कार्टून कोना




## जांच सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध पर आयोग अनिल देशमुख पर ठोका 50,000 रुपए का जुर्माना

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र की उद्धव सरकार के पूर्व गृहमंत्री और एनसीपी नेता अनिल देशमुख के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे एक आयोग ने मामले की सुनवाई स्थगित करने के उनके अनुरोध को लेकर मंगलवार को उन पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया। आयोग के समक्ष जैसे ही मामला सुनवाई के लिए आया, देशमुख की कानूनी टीम के एक कनिष्ठ वकील ने स्थगन का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ वकील एक अन्य मामले में व्यस्त होने के कारण आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकते। आयोग ने आखिरी मौका देते हुए मामले की सुनवाई बुधवार दोपहर 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और राशि मुख्यमंत्री के कोविड-19 राहत कोष में जमा कराने का निर्देश दिया। आयोग ने इस महीने की शुरुआत में भी देशमुख पर सुनवाई स्थगन का अनुरोध करने के लिए 15,000 रुपए का जुर्माना लगाया था। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह द्वारा देशमुख के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए इस साल मार्च में न्यायमूर्ति केयू चांदीवाल आयोग का गठन किया था। बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे अभी एकल सदस्यीय आयोग के समक्ष गवाही दे रहे हैं। उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास विस्फोटक सामग्री बरामद होने के बाद सिंह का मार्च में मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से स्थानांतरण कर दिया गया था।

## तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन संसद के बचे सत्र के लिए निलंबित

नई दिल्ली (ईएमएस)। रूल बुक रिपोर्टर्स टेबल की तरफ फेंकने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन को संसद के बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। संसदीय कार्य राज्य मंत्री ने तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन को शीत सत्र के बाकी बचे दिनों से निलंबित करने का मोशन सदन में पेश किया था। उन पर इलेक्टोरल रोल बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष के वॉकआउट के समय रूल बुक रिपोर्टर्स टेबल की तरफ फेंकने का आरोप है। संसद का सत्र अगले चार दिनों में खत्म होने वाला है। इससे पहले संसद के पिछले मानसून सत्र के दौरान संसद में दुर्व्यवहार औ- हंगामा करने पर संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन 12 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसको लेकर संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा और शोरशराबा हो रहा है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक निलंबित सांसद अपने आचरण के लिए माफी नहीं मांगते उन्हें बहाल नहीं किया जाएगा।

निलंबन के बाद डेरेक ओ ब्रायन ने ट्वीट किया, ठआखिरी बार मुझे जब राज्यसभा से कृषि कानूनों को सरकार द्वारा जबरदस्ती पारित कराए जाने के दौरान निलंबित किया गया था। हम सभी जानते हैं कि उसके बाद क्या हुआ था। आज मुझे सस्पेंड किया गया है कि जब बीजेपी लोकतंत्र का मजाक बना रही है और चुनाव सुधार कानून को जबरन पारित करवा रही है। उम्मीद है कि ये बिल भी सरकार को जल्द वापस लेना पड़ेगा।

## जन हितैषी

# पूर्वांचल पर नजर

पूर्वांचल को विकास की सौगात देने के बाद काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण भाजपा को अगले चुनाव में सत्ता तक पहुंचाने का मार्ग बन सकता है। ऐसा माना जाता है कि वाराणसी से दूसरी बार लोकसभा पहुंचे नरेंद्र मोदी के लिए पूर्वांचल गुडलक जैसा है। यहां से उन्होंने 2014, 2019 लोकसभा चुनाव और 2017 में यूपी विधानसभा चुनाव का आगाज किया था। नतीजों में भाजपा को बंपर सीटें भी मिली थी। ऐसे में भाजपा की सोच है कि पूर्वांचल में पार्टी की पकड़ ढीली ना हो और पूर्वांचल के गुडलक को फिर से यूपी चुनाव में भुनाया जाये। वहीं पूर्वांचल में भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों में गोरखपुर में एम्स और फर्टिलाइजर, गन्ना किसानों का भुगतान, किसानों के लिए कर्जमाफी की घोषणा, सड़कों-फ्लाईओवरों का निर्माण जैसी कई उपलब्धियां शामिल हैं। पूर्वांचल में भाजपा की मजबूत पकड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल की कुल 164 विधानसभा सीटों में से भाजपा को 115 सीटें मिली थीं। वहीं सपा को 17, बसपा 14, कांग्रेस को 2 और अन्य को 16 सीटें हासिल हुई थीं। हालांकि, एक आंकड़ा यह भी है कि पिछले तीन दशक में पूर्वांचल का मतदाता किसी एक पार्टी के साथ हमेशा नहीं रहा। इसी को देखते हुए भाजपा की तरफ से इन क्षेत्रों में विकास योजनाओं की झड़ी लगा दी गई है। साथ ही पार्टी 2022 के चुनाव में पूर्वांचल को अपने पक्ष में मजबूत करने में जुट गई है। पूर्वांचल में विकास कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं के अलावा भाजपा जातीय समीकरण पर भी ध्यान दे रही है। वैसे तो उत्तर प्रदेश में चुनाव अगले साल की शुरुआत में होना है लेकिन एक तरह से प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र काशी से अभी से यूपी मिशन का आगाज कर दिया है। साथ ही यह संदेश भी दे दिया है कि पूर्वांचल और काशी का विकास केवल भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करके यह साफ कर दिया कि भाजपा अगला चुनाव योगी के नेतृत्व में ही लड़ेगी। दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से हो कर जाता है लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात है कि यूपी की सत्ता का रास्ता पूर्वांचल से होकर गुजरता है। जिसने पूर्वांचल में अधिक सीटें हासिल कर ली सत्ता उसे मिल गई। इसलिए भाजपा पूर्वांचल में अपनी पकड़ और बढ़त बनाए रखना चाहती है। 2017 में भाजपा सत्ता में तो आई लेकिन पूर्वांचल की 10 सीटों पर उसकी स्थिति कमजोर बनी रही। जहां अपनी जमीनी हालत दुरस्त करने पर पीएम मोदी और सीएम योगी का मुख्य फोकस रहा है। यूपी के पूर्वांचल को हमेशा बीमारू क्षेत्र के रुप में जाना गया। यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ था। लेकिन मोदी के काशी के सांसद बनने के बाद से विकास ने यहां रफ्तार पकड़ ली और शहर की सूरत ही बदल गई है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति के हिसाब से सक्रियता बढ़ा दी है। दरअसल आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर यूपी का पूर्वांचल भाजपा के लिए काफी अहम है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन का असर अधिक देखा जा रहा है। वहीं लखीमपुर खीरी कांड भी भाजपा के लिए सिरदर्द बना हुआ है। ऐसे में इसका नुकसान पश्चिमी यूपी और तराई बेल्ट में देखने को मिल सकता है। हालांकि पूर्वांचल जिलों में अब भी भाजपा काफी मजबूत नजर आ रही है। इसलिए भाजपा का पूरा फोकस पूर्वांचल के जिलों पर है। मिशन-2022 के लिए माना जा रहा है कि भाजपा पश्चिमी यूपी में होने वाले नुकसान की भरपाई पूर्वांचल में मजबूत होकर करना चाहती है।

## आरक्षण के जिन्न को बोतल में बंद करने की तैयारी

आरक्षण को लेकर लगभग सभी राजनैतिक दलों में आरक्षित वर्ग के आधार पर अपना जनाधार बढ़ाने के प्रयास बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। मराठा, जाट, निषाद, पाटीदार, गुज्जर, जाट समुदायों के विशाल आरक्षण आंदोलनों के अलावा पिछड़े वर्ग में सैंकड़ों पिछड़ी जातियां शामिल होने के कारण जातीय आधार पर जनगणना एवं आरक्षण की मांग को लेकर हिन्दी भाषी राज्यों में आरक्षण की राजनीति चरम पर है। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने इस लड़ाई में न्यायालयों को भी शामिल कर लिया है। जिसके कारण न्यायपालिका और विधायिका के बीच आरक्षण के मुदृदे पर टकराव बढ़ता जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण को स्वीकार नहीं किया है। जिन राज्य सरकारों ने 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण दिया, उसे विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने न्याय संगत नहीं माना। इसके बाद भी सत्ता तक पहुंचने के लिए राजनैतिक दल आरक्षण की मांग को 50 फीसदी से ज्यादा स्वीकार करते हुए आरक्षण बढ़ाते हैं। जिसे सुप्रीम कोर्ट से अवैध ठहरा दिया जाता है। इसके बाद भी आरक्षण विवाद में राजनैतिक दल अपने फायदे के लिए आग में घी डालने का कोई मौका नहीं छोड़ते रहे है।

पिछले कई महीनों से जातीय आधार पर जनगणना की मांग तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। बिहार विधानसभा ने जातीय आधार पर जनगणना के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर केंद्र सरकार को भेज दिया है। कई राजनैतिक दलों द्वारा जातीय जनगणना की मांग की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकारों से जातीय जनगणना की जानकारी मांगे जाने के बाद, आरक्षण का जिन्न एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों में असर डाल रहा है। मण्डल और कमण्डल की 30 वर्ष पुरानी लड़ाई एक बार फिर चरम पर पहुंच गई है।

पिछले दो दशक में सरकारी नौकरियों की संख्या लगातार घट रही है। निजीकरण के बाद अब नौकरियों में आरक्षण का फायदा भी बहुत कम हो गया है। सत्ता पर भागीदारी बढ़ाने के लिए जातीय स्तर पर आरक्षण की मांग बढ़ने से यह मुदृदा चुनावों के दौरान मतदाताओं के समूह पर बड़ा असर डालता है। अतः आरक्षण की वैतरणी में सभी राजनैतिक दल डुबकी लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

हाल ही में मध्यप्रदेश के पंचायत चुनाव में सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की मराठा आरक्षण को लेकर जो याचिका लगी थी, उसमें मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए आरक्षण के मुदृदे पर दोनों राज्यों के लिए समान आदेश पारित करने से मध्यप्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच की लड़ाई सड़कों पर आ गई है। कांग्रेस की ओर से दायर याचिका में पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर कोई मांग नहीं की गई थी। परिसीमन और आरक्षण के रोटेशन में शासन द्वारा नियमों का पालन नहीं किये जाने को लेकर याचिकायें दायर हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण की सीटों पर रोक लगाने के आदेश से भाजपा को कांग्रेस के उपर ठीकरा फोड़कर पिछड़े वर्ग की सहानुभूति जगाने का एक अवसर मिला। भाजपा नेताओं ने इसे भुनाने के लिए कांग्रेस को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

वहीं सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर गलतबयानी करने पर भाजपा नेताओं के खिलाफ 10 करोड़ का मानहानि नोटिस देकर मैदान एवं न्यायालय के अंदर दो-दो हाथ करने की तैयारी कर ली है। आरक्षण के मुदृदे पर जिस तरह से जातीय जनगणना की मांग विभिन्न राज्यों में बढ़ रही है। उससे ऐसा लगता है कि आरक्षण के जिन्न को भाजपा ने बोतल में बंद करने की तैयारियां शुरु कर दी है। जातीय आधार पर जनगणना के आंकड़े आने पर अब एससी, एसटी एवं पिछड़े वर्ग की जातियों में जनगणना के आधार पर आरक्षण देने की मांग होगी। जो राजनैतिक एवं संवैधानिक दृष्टि से संभव नहीं होगा। जातीय आधार पर अब देश की आबादी को कई भागों में बांटने की जो तैयारी हो रही है वह संबैधानिक दृष्टि से संभव नहीं है। आरक्षण खत्म करने को लेकर न्यायपालिका का सहारा लेने और आरक्षण के जिन्न को बोतल में बंद करने की केंद्र सरकार की एक कोशिश के रुप में भी इसे देखा जा रहा है। (लेखक/ ईएमएस-सनत कुमार जैन)

# महिला सशक्तिकरण

आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण एक विशेष चर्चा का विषय है। हमारे आदि – ग्रंथों में नारी के महत्त्व को मानते हुए यहाँ तक बताया गया है कि ठयत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताःठ अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते है।

लेकिन विडम्बना तो देखिए नारी में इतनी शक्ति होने के बावजूद भी उसके सशक्तिकरण की अत्यंत आवश्यकता महसूस हो रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का अर्थ उनके आर्थिक फैसलों, आय, संपत्ति और दूसरे वस्तुओं की उपलब्धता से है, इन सुविधाओं को पाकर ही वह अपने सामाजिक स्तर को ऊँचा कर सकती हैंराष्ट्र के विकास में महिलाओं का महत्त्व और अधिकार के बारे में समाज में जागरुकता लाने के लिये मातृ दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि जैसे कई सारे कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। महिलाओं को कई क्षेत्र में विकास की जरुरत है।

भारत में, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरुरी है, जैसे – दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, माहिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, वैश्यावृति, मानव तस्करी और ऐसे ही दूसरे विषय।

अपने देश में उच्च स्तर की लैंगिक असमानता है। जहाँ महिलाएँ अपने परिवार के साथ ही बाहरी समाज के भी बुरे बर्ताव से पीड़ित है। भारत में अनपढ़ो की संख्या में महिलाएँ सबसे अव्वल है।

नारी सशक्तिकरण का असली अर्थ तब समझ में आयेगा जब भारत में उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाएगी ।

स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है अर्थात स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व माना गया है। इस सृजन की शक्ति को विकसित-परिष्कृति कर उसे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समानता का सु-अवसर प्रदान करना ही नारी सशक्तिकरण का आशय है।

दूसरे शब्दों में – माहिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा, आर्थिक तरक्की के बराबरी के मौके मिल सके, जिससे वह सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सके। यह वह तरीका है, जिसके द्वारा महिलाएँ भी पुरुषों की तरह अपनी हर आकंक्षाओं को पूरा कर सके।

आसान शब्दों में माहिला सशक्तिकरण को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि इससे महिलाओं में उस शक्ति का प्रवाह होता है, जिससे वो अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती हैं और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती हैं। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तिकरण है।

भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता के बहुत से कारण सामने आते हैं। प्राचीन काल के अपेक्षा मध्य काल में भारतीय महिलाओं के सम्मान स्तर में काफी कमी आयी। जितना सम्मान उन्हें प्राचीन काल में दिया जाता था, मध्य काल में वह सम्मान घटने लगा था।

आधुनिक युग में कई भारतीय महिलाएँ कई सारे महत्वपूर्ण राजनैतिक तथा प्रशासनिक पदों पर पदस्थ हैं, फिर भी सामान्य ग्रामीण महिलाएँ आज भी अपने घरों में रहने के लिए बाध्य है और उन्हें सामान्य स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध नही है।शिक्षा के मामले में भी भारत में महिलाएँ पुरुषों की अपेक्षा काफी पीछे हैं। भारत में पुरुषों की शिक्षा दर 81.3 प्रतिशत है, जबकि महिलाओं की शिक्षा दर मात्र 60.6 प्रतिशत ही है। भारत के शहरी क्षेत्रों की महिलाएँ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के अपेक्षा अधिक रोजगारशील है, आकड़ो के अनुसार भारत के शहरों में साफ्टवेयर इंडस्ट्री में लगभग 30 प्रतिशत महिलाएँ कार्य करती है, वही ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 90 फीसदी महिलाएँ मुख्यतः कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में दैनिक मजदूरी करती है।भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता का एक और मुख्य कारण भुगतान में असमानता भी है। एक अध्ययन में सामने आया है कि समान अनुभव और योग्यता के बावजूद भी भारत में महिलाओं को पुरुषों के अपेक्षा 20 प्रतिशत कम भुगतान दिया जाता है।

हमारा देश काफी तेजी और उत्साह के साथ आगे बढ़ता जा रहा है, लेकिन इसे हम तभी बरकरार रख सकते है, जब हम लैंगिग असमानता को दूर कर पाए और महिलाओं के लिए भी पुरुषों के तरह समान शिक्षा, तरक्की और भुगतान सुनिश्चित कर सके।

भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी केवल महिलाओं की है मतलब, पूरे देश के विकास के लिए इस आधी आबादी की जरुरत है जो कि अभी भी सशक्त नहीं है और कई सामाजिक प्रतिबंधों से बंधी हुई है। ऐसी स्थिति में हम नहीं कह सकते कि भविष्य में बिना हमारी आधी आबादी को मजबूत किए हमारा देश विकसित हो पायेगा। महिला सशक्तिकरण की जरुरत इसलिए पड़ी क्योंकि प्राचीन समय से भारत में लैंगिक असमानता थी और पुरुषप्रधान समाज था। महिलाओं को उनके अपने परिवार और समाज द्वार कई कारणों से दबाया गया तथा उनके साथ कई प्रकार की हिंसा हुई और परिवार और समाज में भेदभाव भी किया गया ऐसा केवल भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में भी दिखाई पड़ता है।

भारतीय समाज में महिलाओं को सम्मान देने के लिये माँ, बहन, पुत्री, पत्नी के रुप में महिला देवियों को पूजने की परंपरा है लेकिन आज केवल यह एक ढोंग मात्र रह गया ।पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले लैंगिक असमानता और बुरी प्रथाओं को हटाने के लिये सरकार द्वारा कई सारे संवैधानिक और कानूनी अधिकार बनाए और लागू किए गए हैं। हालाँकि ऐसे बड़े विषय को सुलझाने के लिये महिलाओं सहित सभी का लगातार सहयोग की जरुरत है।

आधुनिक समाज महिलाओं के अधिकार को लेकर ज्यादा जागरुक है जिसका सुपरिणाम सामने आ रहे हैं। (लेखक-प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे / ईएमएस)

# विश्व का अन्तर्राष्ट्रीय भविष्यफल कथन सन 2022 ई.

शुभ संवत 2079 शाके 1944 चैत्र शुक्ल पक्ष बसंत ऋतु सूर्य उत्तरायणे चैत्र सुदी तेरस दिन के 8:42 मिनिट दिन में भगवान सूर्य नारायण अश्वनी नक्षत्र मेष राशि में प्रवेश करेंगे। तत्कालीन वृष लग्न है कुंडली लिखी है। रेवती नक्षत्र ऐंग योग दिनांक 02/04/2022 में चैत्र नवरात्रि में प्रारम्भ कलश स्थापना नल नामक संवत सर है। नल नामक संवत सर में नेताओं में आपस में वेमनुष्यता बढ़ेगी विचार भेद होंगे चोर आतंकी असमाजिक तत्व अवयवस्था फैलायेंगे वर्षा होगी अन्य उत्पादन मध्यम फल कारक होगा कर्मेश गुरु शनि के घर नीच के होने से झंझावान, आंधी तूफान, बादल फाड़, भूस्खलन से क्षति होगी अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति तनाव पूर्ण बनेगी राष्ट्र उत्पात मचाने तथा भारत के कुछ प्रदेशों में उत्पात उपद्रव होंगे मध्य भारत में गर्मी बेहतासा होगी, ज्वाला मुखी विस्फोट मौसम खराब होने से कहीं गर्मी कहीं ठंडी तथा राजनैतिक परिवर्तन दिखेंगे तथा विश्व समुदाय राष्ट्रों में कटुता बढ़ेगी एक दूसरके को ताकतवर समझकर ताकत दिखाने तथा दबाने की साज़िश रची जायेगी भारत में विचार शील समझौता करना ठीक होगा। विश्व में सम्मान मिलेगा तथा भारत को सम्मान की दृष्टि से विश्व में देखा जायेगा। तथा अरब राष्ट्र व अन्तर्राष्ट्रीय में युद्ध की धमकीयां दी जायेंगी। अफगान समस्या जटिल होगी, अमेरिका, अंडमान, अरब राष्ट्र में कहीं शांति का वातावरण अन्तर्राष्ट्रीय जगत में नहीं बनने देगा राजा शनि।

भारत में पश्चिमी तथा उत्तरी सीमा में चौकसी वर्तना आवश्यक होगा मकर का शनि अमेरिका अंडमान, आस्ट्रेलिया, अफगान, अमेरिका आदि का देश शांति पर चर्चा करेंगे कोई देश शांति के प्रस्ताव को ठुकरा सकता है। इस वर्ष विश्व युद्ध व युद्ध की आवश्यकता आंकी जाती है। भारत के पूर्व तथा दक्षिण भारत में किसी महा नगर दृष्र्‍–प्र्‍ होने की संभावना है, मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारा गिरजाघर आदि दो वर्ग विशेष आपस में भिड़ेंगे। अक्टूबर में देश-प्रदेश की सत्ता बदल सकती है। सीमा विवाद उभर कर सामने आयेगा पाकिस्तान तथा कश्मीर के मामले में नया अलाप उठ सकता है। चीन, अमेरिका, रूस मध्यस्था कर सकते है। बंगाल में कड़े कदम उठाये जायेंगे। उत्तर प्रदेश में बदाऊ, बरेली, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, अलीगढ़, मऊ, बनारस आदि में उपद्रव हो सकते है। राज शाही को सर्तक रहकर कार्य करना चाहिये। तथा रोगों की वृद्धि होने से कानून बनाये जाये तथा कानून सख्त होंगे।

राजा शनि तथा मंगल मकर राशि में आयु स्थान में वर्ष लग्न चक्र में बैठे है अतः दोनों जिद्दी हटी हैं दोनों में एक विचार नहीं बनेंगे। तथा अड़ियल स्वभाव के कारण शनि अपना प्रभाव दिखायेगा, मंगलं अपना प्रभाव दिखायेगा। तथा दोनों पश्चिमी राष्ट्रों में युद्ध की स्थिति बनायेंगे। राष्ट्र में आश्चर्यजनक बदलाव होगा।

माह जनवरी 2022 में पार्टियों में अप्रत्यासी द्वंद कार्यों में राजनीतिक गति रोध होगें। नेता आपस में क्रोध कर लड़ेगें कुकृत्य तोड़-फोड़ हिंसक वरदातें संसार राष्ट्र नेता इन स्थिति में उपाय सोचेंगे कोई प्रभावी राष्ट्र नेतृत्व के लिए तैयार हो जायेगा। महा नगरों में विद्रोह होगा मित्र देशों में अन्न की कमी, सिंघ प्रांत माड़वार, गुजरात, जहां-तहां अकाल की हालत हो सकती है।

माह फरवरी-मार्च 2022 में सत्तासीन पार्टियों को बदनाम करने विरोधी षडयंत्र रचे जायेंगे उठापटक में चलती किसी देश की सरकार डगमगा सकती है। कोई महानुभाव समय गति के कारण कालकल्वित हो सकते है। पश्चिमी देशों में अराजकता फैलेगी रूस, चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, अफगान, सउदी अरब आदि में खींच-तान, अफगान में उपद्रव तथा संसार में कोई प्रभुत्व जमाने की कोशिश करेगा।

माह अप्रैल-मई 2022 में भारी विरोध तोड़-फोड़ नुकसान उठापठक, मस्जिद-गुरुद्वारा-गिरजाघर में उथपाद मचाये जायेंगे। श्लोक-ठयदे कस्थौ नरा युद्धं तदा भवे अकाले व भवेद्र वृद्धि जगत नातृ संशयठ भारत विश्व में पार्टियों में विवाद जातियों में संघर्ष रिपु स्थान में मंगल में शनि का पूर्ण प्रभाव से मारकाट धर पकड़ आदि के योग बनेंगे। लग्नेश बुद्ध दशम भाव में गुरु के घर सूर्य चन्द्रमा के साथ है। तथा नवम भाव में शनि के घर गुरु शुक्र बैठे होने से गुरु के घर सूर्यचन्द्रमा के बैठे है तथा नवम भाव में शनि के घर गुरु शुक्र बैठे होने से कष्टी है। रोग क्रोध बढ़ेगा।

मुस्लिम राष्ट्र चक्रम

हिजरी सन् का फल हिजरी सन् की शुरुआत मोहरम के पहले दिन 31 जुलाई सन् 2022 शनिवार के दिन सायं धनु लग्न में हो रहा है। लग्नेश गुरु मुस्लिम राष्ट्र की कुण्डली के अंदर स्वगृही मीन राशि के केन्द्र में स्थित शनि से प्रभावित है। तथा संसार संचालन करने हेतु शनि को राजा चुन लिया गया है। तथा सव शक्तिशाली शनिस्चर है। अतः राज समाज की राष्ट्रों में दुर्दशा होगी। गुंडे, चोर उच्चके बढ़ेंगे तथा संसार में बारुद, गोलों, बम्ब, हथियार संग्रह किये जायेंगे वायुमान समुद्रीयान में दुर्घटना के योग है। योग बनेंगे पश्चिमी राष्ट्रों में तालिबान ने अफगान पर जबरदस्ती शस्त्र के नोक पर कब्जा कर लिया है।

प्रजा पर अत्याचार मासूम बच्चों महिलाओं की मौत भीभस्य कर्म करके महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़ तथा अपमान सरे आम यिा तथा हथियार चलाकर लोगों को कब्जे में हां में हां बुलवाना अफगान की प्रजा पलायन करने के लिए मजबूर हो गई। अन्तारार्ष्ट्रीय जगत में शांति बनाये रखने के प्रयास किये जायेंगे।

विश्व के किन्हीं भागों में रतपात राजनैतिक उठापठक सामाजिक उपद्रव के चलते किसी देश प्रदेश की सत्ता बदल होगी शनि के उपाय किये जायेगे खाड़ी के देशों में नई हल-चल पैदा हो सकती है। अमेरिका, चीन, जापान, रूस, जर्काता सउदी अरब, इंडोनेशिया अरब राष्ट्र आदि सभी शांति के प्रयास करेंगे कुछ राष्ट्र युद्ध सामग्री संग्रह करेंगे पश्चिमी देशों में आन्तरी कलह होगा। कहीं राजविग्रह प्रभावी नेता कार्य कलपित होंगें।

भारत के पाँच राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें अलागवादी ताकतें सर उठायेंगी सत्तासीन पार्टियों को समझाइस से काम लेना चाहिए अन्यथा उग्र प्रदर्शन हो सकता है। आंतरिक कलह हानिकारक होगी देश में विचार मित्रता से हानि के सकेत होते है वृष राशि मीन राशि के प्रदेश में राजा प्रजाजनों में परस्पर विरोध बढ़ेगा विपक्षी दल कुचक रचनायें में लगे रहेंगें। तथा सत्तासीन पार्टियों को हटाने का प्रयास करेंगे रोग उपद्रव की संभावना है तथा जलाधिक की संभावना होगी।

इति शुभम।

लेखक- डॉ. पी.एल. गौतमाचार्य, अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषी (लेखक-ईएमएस/ डॉ. पी.एल. गौतमाचार्य) (ज्योर्तिविद वेदान्त शास्त्री आयुर्वेदाचार्य स्वर्ण पदक से सम्मानित मो.नं.9893631232, 9424627421 एवं 9425911622)

### आज का इतिहास 22 दिसंबर

1241 हलाकू खान के सिपहसालार बहादुर तायर ने लाहोर पर कब्जा किया.

1877 प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का जन्म.

1940 मानवेन्द्र नाथ राय ने रैडिवल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया.

1942 द्वितीय विश्व युद्ध में अमरीकी विमानों ने जापान अधिकृत रंगून पर बमबारी की.

1969 रोम नरेश विसेलियस की हत्या कर दी गई.

1959 स्वेज युद्ध में फ्रांस और ब्रिटेन की अंतिम सैन्य टुकड़ी पोर्ट सईद से वापस आ गई.

1958 फ्रांसऔर मिस्त्र में व्यापार समझौता हुआ.

1963 यूनानी जहाज लैकोनिया में आग लगने से 150 लोग मारे गए.

1968 अमरीकी जहाज फूबलों के 82 चालकों को उत्तर कोरिया ने रिहा किया.


1985 विनी मंडेला को दक्षिण अफ्रीकी पुलिस ने सोर्वतो स्थित उनके घर से घसीटकर गिरफ्तार किया.

1988 राष्ट्र संघ में हुए समझौते के अनुसार दक्षिण पश्चिम अफ्रीका नामीबिया के रूप में स्वतंत्र हुआ.

1995 पुरुलिया में हथियार गिरानेवाले विमान को जबरन मुंबई मे उतारा गया.

2002 नरेंद्र मोदी ने दुबारा गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली.

### शब्द पहेली - 7144




**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

शब्द पहेली -7143 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

### दैनिक पंचांग

22 दिसम्बर 2021 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.19 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कुंभ | 10.06 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मीन | 11.38 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 13.09 बजे से |
| गुरु | कुंभ में | वृष | 14.49 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 16.47 बजे से |
| शनि | मकर में | कर्क | 19.01 बजे से |
| राहु | वृष में | सिंह | 21.17 बजे से |
| केतु | वृश्चिक में | कन्या | 23.29 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 01.39 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | वृश्चिक | 03.54 ब.से |
| | | धनु | 06.10 बजे से |

**बुधवार** 2021 वर्ष का 356 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2078 **शक संवत्** 1943 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 16.53 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 00.45 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 12.02 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 16.53 बजे तदनन्तर बव 05.44 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871105 **जूलियन दिन** 2459570.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2547 **हिजरी सन्** 1443 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 17 **विशेष** अखुरथ संकष्टी चतुर्थी, श्रीनिवास रामानुजन जयंती, गणित दिवस, महाराज छत्रसाल परमधाम वास दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूजीलैंड टीम दिसंबर 2022 में पाक का दौरा करेगी : पीसीबी

इस्लमाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि न्यूजीलैंड टीम दिसंबर 2022 में पाकिस्तान दौरा करके दो टेस्ट खेलेगी जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल 2023 में सीमित ओवरों की सीरीज के मैचों के लिए भी पाक का दौरा करेगी। न्यूजीलैंड ने इस साल रावलपिंडी में पहले एकदिवसीय के लिए टॉस होने से ठीक पहले सुरक्षा कारणों से सीमित ओवरों का दौरा रद्द कर दिया था,उसी को देखते हुए यह दौरा किया जा रहा है। अप्रैल 2023 में न्यूजीलैंड पाक दौरे पर पांच एकदिवसीय और पांच टी20 मैच खेलेगी। तारीखों और स्थल को लेकर अभी फैसला नहीं लिया गया है। पीसीबी ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रमुख मार्टिन स्नीडन के बीच बातचीत में इस कार्यक्रम को मंजूरी दी गई है। राजा ने कहा, 'मैं बातचीत के परिणाम से खुश हूं। मैं मार्टिन स्नीडन और बोर्ड को सहयोग के लिए आभारी हूं।'

# खेल - समाचार

## द.अफ्रीकी क्रिकेट में नस्लभेद का जिन्न फिर बाहर आया, मार्क बाउचर और ग्रीम स्मिथ के खिलाफ जांच होगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में नस्लभेद का जिन्न फिर से बाहर आ गया हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने ऐलान किया कि सोशल जस्टिस फॉर नेशन बिल्डिंग की रिपोर्ट के बाद अपने दो बड़े खिलाड़ियों मार्क बाउचर और ग्रीम स्मिथ के खिलाफ लगे नस्लभेद के आरोपों की जांच करेगा।इन दो नामों के अलावा एबी डिविलियर्स का भी नाम सामने आ रहा है।सोशल जस्टिस फॉर नेशन बिल्डिंग की खोज में पता चला था कि कई खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीकी टीम में रंगभेद का सामना करना पड़ा था।पूर्व दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी पॉल एडम्स ने भी बताया था कि मार्क बाउचर ने उनके खिलाफ एक भद्दी टिप्पणी की थी।इसके बाद बाउचर ने अपने आचरण के लिए माफ भी मांग ली है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मार्क बाउचर, ग्रीम स्मिथ और एबी डिविलियर्स तीनों ने अश्वेत खिलाड़ियों को टीम में मौका न देकर उनके साथ भेदभाव किया।इस जांच के बावजूद ग्रीम स्मिथ और मार्क बाउचर अपने पद बने रहने वाले हैं। अगले महीने से जांच को शुरू किया जाएगा।क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने जानकारी देकर कहा, 'बोर्ड उन सभी लोगों पर जांच कराएगा, जिनके नाम रिपोर्ट में मौजूद हैं।यह जांच भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद शुरू होगी। हालांकि बोर्ड ने डिविलियर्स पर जांच को लेकर कुछ साफ नहीं किया। इसके पहले भी नस्लभेद की वजह से दक्षिण अफ्रीका काफी चर्चा में रहा है।

## शोएब और सानिया के भतीजे हुरैरा ने लगाया तिहरा शतक

लाहौर (ईएमएस)। भारतीय महिला टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक के भतीजे मोहम्मद हुरैरा ने तिहरा शतक लगाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हुरैरा ने 19 साल की उम्र में ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट में तिहरा शतक लगाकर राष्ट्रीय टीम में प्रवेश के लिए दावेदारी पेश की है। कायदे आजम ट्रॉफी के एक मुकाबले में इस बल्लेबाज ने नॉर्दन पाक टीम की ओर से खेलते हुए बलूचिस्तान के खिलाफ यह रिकार्ड बनाया। वह जावेद मियांदाद के बाद सबसे कम उम्र के तिहरा शतक लगाने वाले पाक के पहले बल्लेबाज हैं। हुरैरा ने 327 गेंद पर तिहरा शतक पूरा किया।उन्होंने इस दौरान 39 चौके और 4 छक्के लगाए। इस प्रकार उन्होंने 180 रन तो केवल बाउंड्री से बनाये। उन्होंने 19 साल 239 दिन की उम्र में यह कारनामा किया जबकि मियांदाद ने 17 साल 310 दिन की उम्र में तिहरा शतक लगाया था। हुरैरा ओवरऑल फर्स्ट क्लास क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले 8वें युवा खिलाड़ी बने हैं। वे 311 रन बनाकर नाबाद रहे।

इस मुकाबले से पहले हुरैना ने सिर्फ 9 फर्स्ट क्लास के मैच खेले हैं। 15 पारियों में 41 की औसत से 567 रन बनाए हैं। 2 शतक और 3 अर्धशतक लगाया है। हुरैरा ने पिछले महीने कहा था कि मैं खुदकिस्मत हूं कि शोएब मलिक मेरे चाचा हैं। वे हमेशा मेरे लिए प्रेरणा रहे हैं। उन्होंने मुझे हमेशा कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## विराट के पास द्रविड़-सहवाग का रिकार्ड तोड़ने का मौका

नई दिल्ली (ईएएस)। भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के पास दक्षिण अफ्रीका के साथ 26 दिसंबर से शुरु होने वाली टेस्ट सीरीज में पूर्व क्रिकेटर व वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के एक रिकार्ड को तोड़ने का मौका है। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तीन टेस्ट मैच खेलेगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट बॉक्सिंग डे के अवसर पर 26 दिसंबर से शुरू होगा। भारतीय टीम अभी तक दक्षिण अफ्रीका में एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीत पायी है। इसलिए इस दौरे में विराट की राह आसान नहीं कही जा सकती है। विराट को यदि दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने वाला पहला कप्तान बनना है तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब तक 12 टेस्ट में 59.72 की औसत से कुल 1075 रन बनाये हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनसे ज्यादा रन केवल तीन भारतीय बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर 1741 रन के साथ वीरेंद्र सहवाग 1306 और राहुल द्रविड़ 1252 ने बनाये हैं। अगर विराट कोहली इस दौरे पर 232 रन बना लें तो वह सहवाग और द्रविड़ से आगे निकल जाएंगे। वहीं खराब फार्म के कारण आलोचनाएं झेलने वाले अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस सीरीज में उतरेंगे पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में ये शामिल नहीं हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पुजारा ने 758 और रहाणे ने 748 रन बनाए हैं। इस प्रकार ये खिलाड़ी अगर बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो विराट के करीब पहुंच सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेलेंगी जेनीफेर

मेलबर्न (ईएमएस)। अमरीका की जेनीफेर ब्रेडी फिट नहीं होने के कारण अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन और दो अभ्यास मुकाबलों से बाहर हो गयी हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अधिकारियों ने कहा है कि ब्रेडी बाएं पैर में चोट के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। अधिकारियों ने ट्वीट किया, 'आपके जल्द उबरने की कामना करते हैं ब्रेडी।' ब्रेडी ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में अपने करियर में पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी जहां उन्हें जापान की नाओमी ओसाका के खिलाफ सीधे सेट में हार झेलनी पड़ी थी। इससे पहले दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा, कनाडा की बियांका आंद्रेस्क्, 23 बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सेरेना विलियम्स भी विभिन्न कारणों से ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गयीं थीं। वहीं पुरुष वर्ग में छह बार के चैंपियन रोजर फेडरर भी घुटने की सर्जरी से उबरने के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 17 जनवरी से शुरू होगा।

## दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज नॉर्त्जे टेस्ट सीरीज से बाहर हुए

जोहान्सबर्ग (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका को भारत के साथ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले ही करार झटका लगा है। उसके प्रमुख तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे चोटिल होने के कारण तीन मैचों की इस टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि नॉर्त्जे फिट नहीं होने के कारण तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने अपने एक ट्वीट में कहा कि नोर्त्जे भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भाग नहीं ले पाएंगे। साथ ही कहा कि अभी उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। नोर्त्जे के इस प्रकार सीरीज से बाहर होने से उसकी गेंदबाजी प्रभावित होगी। वहीं दूसरी ओर इसका लाभ भारतीय टीम को मिलेगा। नोर्त्जे अपनी तेज गति की गेंद से भारतीय बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ा सकते थे पर उनके नहीं होने से अब गेंदबाजी की पूरी जिम्मेदारी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी पर आ जाएगी।

नोर्त्जे ने अपने अब तक के करियर में दक्षिण अफ्रीका की ओर से अभी तक 12 टेस्ट मैच की 21 पारियों में 47 विकेट लिए हैं। इस गेंदबाज ने अपनी तेज रफ्तार गेंदों से बल्लेबाजों पर अलग प्रकार का दबाव बनाया है।

दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम इस प्रकार है : डीन एल्गर (कप्तान), टेम्बा बावुमा, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), कागिसो रबाडा, सरेल इरवी, बेउरन हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, कीगन पीटरसन, रस्सी वैन डेर डूसन, काइल वेरेने, मार्को जेन्सन, ग्लेनटन स्टुरमैन, प्रेनेलन सुब्रेयन, सिसांडा मगला, रयान रिकेल्टन और डुआने ओलिवियर।

## जब खेल से संन्यास लेने पर विचार कर रहे थे अश्विन

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री की एक टिप्पणी के बाद वह खेल को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। अश्विन के अनुसार तब उन्हें ऐसा लग रहा था जैसे उन्हें मझधार में छोड़ दिया गया था। इसी कारण करियर के कठिन समय में वह खेल छोड़ना चाहते थे। वहीं जब अश्विन से पूछा गया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2019 के सिडनी टेस्ट में पांच विकेट लेने के बाद उस समय कोच रहे शास्त्री ने जब कुलदीप यादव को विदेशों में भारत का शीर्ष स्पिनर करार दिया तो उन्हें कैसा लगा था। इसपर अश्विन ने कहा कि वह कुलदीप के लिए वास्तव में खुश थे क्योंकि उन्हें पता था कि ऑस्ट्रेलिया में एक स्पिनर के रूप में पांच विकेट लेना कितना कठिन है पर शास्त्री की टिप्पणी से वह हताश हो गये थे'।

इस दिग्गज स्पिनर ने कहा, '' हम सभी इस बारे में बात करते हैं कि अपने साथियों की सफलता का आनंद उठाना कितना जरूरी है। मैं कुलदीप के लिए खुश था। मैं ऑस्ट्रेलिया में पांच विकेट हासिल नहीं कर पाया था पर ऐसा किया। मुझे पता है कि यह कितनी बड़ी उपलब्धि है। यहां तक कि जब मैंने अच्छी गेंदबाजी की है तभी यह कारनामा नहीं कर सका था, इसलिए मैं वास्तव में उसके लिए खुश हूं। और ऑस्ट्रेलिया में जीत हासिल करना बेहद खुशी का मौका है।'' अश्विन ने कहा, '' मुझे अगर उनकी खुशी और टीम की सफलता में हिस्सा लेना है, तो मुझे ऐसा महसूस होना चाहिए कि मैं उसका हिस्सा हूं। अगर मुझे लगता है कि मेरी उपेक्षा हो रही है तो मैं टीम या टीम के साथी की सफलता का आनंद कैसे ले सकता हुं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ

मुंबई (ईएमएस)। मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपानियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बेंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस प्रमुख शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 497 अंक करीब 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ ही 56,319.01 और पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 156.65 अंक तकरीबन 0.94 फीसदी उछलकर 16,770.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा करीब चार फीसदी की तेजी एचसीएल टेक के शेयरों में रही। इसके अलावा विप्रो, टाटा स्टील, टाइटन, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयर भी बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर पावर ग्रिड एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर गिरे हैं। जानकारों के अनुसार एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से भारतीय बाजार को भी बल मिला है। इसके साथ ही सरकार की ओर से आये निर्यात में मजबूती वाले बयान से भी बाजार में उत्साह बना हुआ है।

इससे पहले आज सुबह बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सूचकांक 600 अंक से अधिक ऊपर आया। वहीं इसी प्रकार निफ्टी 187.05 अंक या 1.13 फीसदी की बढ़त के साथ 16,801.25 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन फीसदी की बढ़त एचसीएल टेक के शेयरों में आईई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, विप्रो, एनटीपीसी और टाइटन के शेयर भी ऊपर आये हैं। वहीं दूसरी ओर एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर थे। इससे पहले सोमवार को शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुआ था।

## सोने में गिरावट, चांदी में उछाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू बाजार में सोने की कीमतें घटी हैं। वहीं चांदी में उछाल आया है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 172 रुपये की गिरावट के साथ ही 47,246 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में सोना 47,418 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं इसके विपरीत चांदी 342 रुपये की बढ़त के साथ ही 60,508 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 60,166 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हल्के लाभ के साथ 1,797 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 22.53 डॉलर प्रति औंस पर बनी रही।

## कानूनों के अंतर्गत 'राष्ट्र विरोधी' शब्द को परिभाषित नहीं किया

नई दिल्ली (ईएमएस)।केंद्र की मोदी सरकार ने लोकसभा में कहा कि कानूनों के अंतर्गत 'राष्ट्र विरोधी' शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन आपातकाल के दौरान सबसे पहले 1976 में संविधान में इन्हें शामिल किया गया और फिर एक साल बाद हटा भी दिया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने असदुद्दीन ओवैसी के प्रश्न के लिखित उत्तर में इसकी जानकारी दी। ओवैसी ने सवाल किया था कि क्या सुप्रीम कोर्ट ने 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से संबंधित अपराधों से निपटने के लिए कोई दिशानिर्देश तय किए हैं? राय ने कहा, कानूनों के अंतर्गत 'राष्ट्र विरोधी' शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976 के तहत इसका उल्लेख किया गया था और आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 31 डी के तहत 'राष्ट्र विरोधी गतिविधि' को परिभाषित किया गया। इसके बाद संविधान (43वां संशोधन) अधिनियम, 1977 के तहत अनुच्छेद 31डी को हटा दिया गया।

## काबुल में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन कर संपत्ति को जारी करने की मांग की

काबुल (ईएमएस)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सैकड़ों लोगों ने बंद पड़े अमेरिकी दूतावास की ओर कूच कर देश की प्रतिबंधित की गई संपत्ति को जारी करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों के हाथों में बैनर थे जिन पर लिखा, हमें खाने दें और रोक दिया हमारा धन हमें दें। प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे, तालिबान ने उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रखी थी।अगस्त में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद अफगानिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता निलंबित कर दी गई थी और विदेश खासकर अमेरिका ने अरबों डॉलर की संपत्ति पर रोक लगा दी थी। पहले से मुश्किल स्थिति का सामना कर रही अफगान अर्थव्यवस्था अनुदान रुक जाने से बुरी तरह तबाह हो गई है और सहायता संगठनों ने देश में भारी मानवीय त्रासदी उत्पन्न होने की चेतावनी दी है। डॉक्टरों, अध्यापकों, प्रशासनिक नौकरशाहों सहित सरकारी कर्मियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है। इस बीच, बैंकों ने इस बात की सीमा तय कर दी है कि खाताधारक कितना पैसा निकाल सकते हैं।

किसी भी देश ने अफगानिस्तान के नए तालिबान शासकों को उनके पुराने रिकॉर्ड के चलते आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दी है। तालिबान के पिछले शासन के दौरान महिलाओं एवं लड़कियों को शिक्षा एवं सार्वजनिक जीवन में आने से वंचित कर दिया गया था तथा पुरुषों के लिए दाढ़ी रखना एवं नमाज में शामिल अनिवार्य कर दिया गया था। इसके साथ ही खेलकूद एवं मनोरंजन पर रोक लगा दी गई थी और सार्वजनिक रूप से फांसी दी जाती थी। लेकिन वर्तमान सरकार के अधिकारियों का कहना है कि उनका शासन अब अलग है तथा सभी लड़कियों को शिक्षा की अनुमति दी गई है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से धनराशि जारी करने एवं मानवीय त्रासदी को रोकने में मदद की अपील की है।

# डेल्टा को पछाड़ ओमीक्रोन वेरिएंट ने अमेरिका में कहर बरपाया

-डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने किया आगाह

वॉशिंगटन (ईएमएस)। पूरी दुनिया ने कोरोना वायरस का दंश झेला है और अब ओमीक्रोन वेरिएंट ने अमेरिका में डेल्टा वेरिएंट को पीछे छोड़ दिया है। ताजा अनुमानों के मुताबिक अमेरिका में आ रहे कुल कोरोना मामलों में से 73 प्रतिशत ओमीक्रोन के हैं। यह पिछले हफ्ते मात्र 3 फीसदी ही था। ओमीक्रोन का तेजी से बढ़ता संक्रमण अब पूरे अमेरिका में फैल गया है। अमेरिका के सीडीसी ने कहा कि अब देश में डेल्टा वेरिएंट के मामले केवल 27 फीसदी ही हैं। अमेरिका में ओमीक्रोन के बढ़ते कहर से यह डर सताने लगा है कि तेजी से बढ़ता यह वेरिएंट अमेरिका के स्वास्थ्य सिस्टम भारी दबाव ला सकता है। अभी तक जो साक्ष्य आए हैं, उससे पता चला है कि ओमीक्रोन उतना जानलेवा नहीं है जितना कि डेल्टा वेरिएंट था। हालांकि ओमीक्रोन वायरस के प्रसार से हॉस्पिटल बीमार मरीजों से भर सकते हैं। अमेरिका के सीडीसी ने कहा कि ओमीक्रोन की वजह से आई तेजी अपेक्षित है और यह कुछ उसी तरह से है जैसे दुनिया के अन्य हिस्सों में भी है।

न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और वॉशिंगटन में ओमीक्रोन के मामले 90 फीसदी को पार कर गए हैं। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि ओमीक्रोन वेरिएंट डेल्टा की तुलना में तेजी से फैल रहा है। इससे जो लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं या कोरोना महामारी से उबर चुके हैं, उनके अंदर भी संक्रमण तेजी से फैल रहा है। डब्ल्यूएचओ के चीफ टेड्रोस अधनोम ने कहा, 'इस बात के अब लगातार साक्ष्य हैं कि ओमीक्रोन वेरिएंट डेल्टा की तुलना में तेजी से फैल रहा है।'

ओमिक्रॉन देश भर में तेजी से फैल रहा है और सोमवार तक कम से कम 48 अमेरिकी राज्यों में पाया गया है। देश में पहला मामला 1 दिसंबर को कैलिफोर्निया में पाया गया था। ओमिक्रॉन वैरिएंट की संक्रामकता और प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने की इसकी संभावित क्षमता ने पूरे देश में चिंता पैदा कर दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कोविड-19 मामलों, मौतों और अस्पताल में भर्ती होने का सिलसिला जारी रहा, जिससे खेल और लाइव कॉन्सर्ट सहित बड़े आयोजन रद्द कर दिए गए। कुछ कॉलेजों ने छात्रों को पहले घर वापस जाने के लिए शेष सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन कक्षाओं और परीक्षाओं में स्थानांतरित कर दिया है। सीडीसी के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि देश में प्रतिदिन औसतन लगभग 130,000 नए मामले सामने आ रहे हैं, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। सीडीसी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, दैनिक मौतों का सात दिन का औसत लगभग 1,180 है, जो पिछले सप्ताह से 8.2 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, नए संक्रमण के मामलों भी लोगों को छुट्टियों के लिए उड़ान भरने से नहीं रोक सके। अमेरिकी परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) ने लगातार चौथे दिन 20 लाख से अधिक यात्रियों की जांच की है।

## अमेरिका में ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित पहले मरीज की मौत

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के टेक्सास राज्य में कोरोना के नए ओमीक्रोन स्वरूप से मरीज की मौत हो गई,जो देश में संक्रमण के इस स्वरूप से मौत का पहला मामला है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अमेरिका के टेक्सास राज्य में 50 वर्ष के आसपास के एक व्यक्ति की मौत हुई है। उसने टीके की खुराक नहीं ली थी और वह पहले भी कोरोना से संक्रमित हो चुका था।यह मामला अमेरिका में ओमीक्रोन से संबंधित मौत का पहला मामला है। टीके की खुराक न लेने और खराब स्वास्थ्य के कारण इस व्यक्ति के कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार पड़ने का अत्यधिक खतरा था।'' काउंटी की न्यायाधीश लीना हिडाल्गो ने सोमवार को मौत की जानकारी दी।

## तालिबान ने गलती से दूतावास के खाते में ट्रांसफर की बड़ी रकम, ताजकिस्तान ने लौटाने से किया इनकार

काबुल (ईएमएस)। कंगाली में आटा गीला होना कहावत तो आपने सुनी ही होगी। दरअसल, तालिबान ने गलती से ताजिकिस्तान स्थित अपने दूतावास के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए, लेकिन अब ताजिकिस्तान इस पैसे को वापस लौटाने से इनकार कर रहा है। ताजकिस्तान तालिबान का धुर आलोचक माना जाता है।

तालिबान ने करीब 8 लाख डॉलर (6 करोड़ रुपए से ज्यादा) ताजिकिस्तान में अफगानी दूतावास के अकाउंट में भेज दिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह पैसे अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी की सरकार द्वारा ट्रांसफर किए जाने थे। इस पैसे का इस्तेमाल ताजिकिस्तान में शरणार्थी बच्चों के लिए एक स्कूल के वित्तपोषण के लिए किया जाना था। हालांकि, जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया और गनी देश से भाग गए तो, यह सौदा विफल हो गया।

कुछ हफ्तों बाद, सितंबर में पैसे ट्रांसफर किए गए, लेकिन कुछ खबरों के मुताबिक, 4 लाख डॉलर के आसपास ही पैसे दिए है। उस समय तालिबान की ओर से भी इसपर कुछ नहीं कहा गया। हालांकि, नवंबर आते-आते अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और तब तालिबान ने ताजिकिस्तान की सरकार से संपर्क करके इसे वापस देने को कहा, तो ताजिकिस्तान के अधिकारियों ने यह मानने से साफ मना कर दिया। ताजिकिस्तान का कहना है कि उसने स्कूल तो नहीं बनवाया लेकिन चार महीने से शिक्षक और दूतावास के कर्मचारी इसी फंड से अपना वेतन ले रहे हैं। सारा पैसा दूतावास और अफगानिस्तान के नागरिकों की जरूरत पर खर्च किया जा रहा है। ताजिकिस्तान सरकार आधिकारिक तौर पर तालिबान को आतंकी संगठनों में गिनती है, इसलिए अब यह पैसे वापस करना लगभग असंभव माना जा रहा है।

# भारत का उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग नए साल में दोहरे अंकों में बढ़ेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। बेहतरीन और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों की मांग में वृद्धि से भारत के उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के 2022 में दोहरे अंकों में बढ़ने की उम्मीद है।उद्योग का कुल आकार इनदिनों करीब 75,000 करोड़ रुपये हैं।वहीं सेमीकंडक्टर की कमी और ओमीक्रोन की आशंका के बावजूद नया साल उद्योग के लिए मंगलमय दिख रहा है। कच्चे माल की कीमतों में बीते दिनों तेज बढ़ोतरी के बाद नरमी आने की उम्मीद के चलते भी उद्योग को मदद मिलेगी। इसके अलावा उपभोक्ता भावनाएं सकारात्मक रहने, मांग बढ़ने और आर्थिक दशाओं में सुधार से भी तेजी आएगी।

उपभोक्ता अब अच्छी गुणवत्ता वाले तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों की मांग कर रहे हैं, घरेलू इस्तेमाल वाले स्वचालित उत्पादों की मांग बढ़ी है। सरकार ने व्हाइट गुड्स के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 4,614 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य तय किया है। कई विनिर्माता इस मौके का अधिकतम फायदा उठाने की तैयारी कर रहे हैं। सैमसंग, एलजी और पैनासोनिक जैसी प्रमुख कंपनियों ने कृत्रिम मेधा (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) सक्षम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं और उम्मीद है कि ये रुझान अगले साल और तेजी से बढ़ने वाले है। बड़े स्क्रीन वाले टीवी, उच्च क्षमता वाले रेफ्रिजरेटर और वाशिंग मशीन तथा विशेष रूप से आईओटी और एआई सक्षम उत्पादों की मांग न केवल विकसित मेट्रो बाजारों में बल्कि छोटे टियर- 2 शहरों में भी देखी गई।

गौरतलब है कि 75,000 करोड़ रुपये के टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के कारोबार में फोन और आईटी उपकरण शामिल नहीं हैं। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माता संघ (सीईएएमए) के अध्यक्ष ने 2022 में उद्योग की संभावनाओं के बारे में कहा कि दोहरे अंकों में वृद्धि की उम्मीद है, लेकिन यह कई कारकों पर निर्भर करेगा, जिसमें मूल्य सुधार और कोविड की तीसरी लहर की आशंका शामिल है।वहीं पैनासोनिक इंडिया ने कहा, हम 2022 को लेकर आशावादी हैं। हम अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ते रहने वाले हैं, और लचीलेपन के साथ अपनी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने वाले है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अब तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों को पसंद कर रहे हैं। सैमसंग इंडिया ने कहा कि वह ''मजबूत वृद्धि'' को जारी रखने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि इस साल टियर-2 शहरों में बड़ी वृद्धि देखी गई, क्योंकि ज्यादातर लोग अपने गृहनगर में लौट आए हैं और घर से ही काम कर रहे हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने कहा कि उपभोक्ता प्रौद्योगिकी को पहले से अधिक पसंद कर रहे हैं और एआई तथा आईओटी-सक्षम उपभोक्ता टिकाऊ उत्पादों के लिए जागरूकता बढ़ रही है।

## अमेरिका ने तिब्बत के मुद्दों के लिए अजरा जिया को अपना विशेष संयोजक नियुक्त किया

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका ने तिब्बत के मुद्दों के लिए भारतीय मूल की राजनयिक अजरा जिया को अपना विशेष संयोजक नियुक्त किया है। उन्हें तिब्बत पर एक समझौते के लिए चीन और दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के बीच ''ठोस बातचीत' को आगे बढ़ाने का काम सौंपा गया है। अपने राजनयिक करियर में नई दिल्ली में भी तैनात रह चुकीं जिया ने 2018 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विदेश सेवा से इस्तीफा दे दिया था। वह नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकारों की अवर सचिव भी हैं। तिब्बत के मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष संयोजक के तौर पर जिया 2020 के तिब्बती नीति एवं सहयोग अधिनियम के अनुरूप तिब्बत के मामलों से संबंधित अमेरिकी सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और परियोजनाओं का समन्वय करेंगी। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, मैंने तिब्बत मुद्दों के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष संयोजक के तौर पर नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार के लिए अवर सचिव अजरा जिया को नामित किया है। वह तत्काल प्रभाव से यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगी।''

विदेश विभाग के अनुसार, ''वह तिब्बत पर एक समझौते के समर्थन में चीन सरकार और दलाई लामा, उनके प्रतिनिधियों या लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित तिब्बती नेताओं के बीच बिना पूर्व शर्तों के ठोस बातचीत को बढ़ावा देंगी।'' जिया ने इस पद पर उनके नाम की पुष्टि से संबंधित सुनवाई के दौरान सांसदों को बताया था कि उनके दादा भारत में स्वतंत्रता सेनानी थे।

# पाकिस्तानः हिंदू मंदिर में एक व्यक्ति ने हथौड़े से वार कर मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त

कराची (ईएमएस)। पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और उनके मंदिरों को नुकसान करने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। यहां एक बार फिर मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। सोमवार को कराची में एक शख्स ने मंदिर में प्रवेश कर मूर्ति को नुकसान पहुंचाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस घटना की निंदा की है। इससे पहले अक्टूबर में भी इसी तरह की घटना सामने आई थी। उस दौरान अज्ञात चोरों ने सिंध प्रांत में एक मंदिर को अपवित्र किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कराची के रंछोड़ लाइन इलाके में एक शख्स ने शाम को मंदिर में प्रवेश कर तोडफोड की। इस दौरान उसने जोग माया की मूर्ति को हथौड़े का इस्तेमाल कर नुकसान पहुंचाया। हालांकि, जनता ने आरोपी को पकड़कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि आरोपी के खिलाफ ईशनिंदा से जुड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

भाजपा नेता सिरसा ने इस घटना का आरोप सरकार पर लगाया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'कराची पाकिस्तान में एक और हिंदू मंदिर को अपवित्र किया गया। हमलावरों ने इस तोड़फोड़ को यह कहते हुए सही ठहराया कि 'ये इबादत के लायक नहीं है।' यह पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के खिलाफ सरकार समर्थित आतंकवाद है।' एक अन्य ट्वीट में उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मामले को विश्व स्तर पर उठाने की अपील की है। अक्टूबर में हुई घटना में अज्ञात चोरों ने सिंध प्रांत स्थित हनुमान देवी माता मंदिर को अपवित्र किया था। वे हजारों रुपये नगद और जेवर लेकर भाग गए थे। एजेंसी के अनुसार, हाल के सालों में पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों की पूजा स्थलों पर हमले बढ़ गए हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की तरफ से भी पाकिस्तान अपने देश में अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा नहीं करने पर फटकार का सामना कर रहा है।

## नई दिल्ली ) बढ़ती मुद्रास्फीति के बीच सेबी ने गेहूं, पाम तेल समेत अन्य जिंसों के नए डेरिवेटिव अनुबंध रोके

नई दिल्ली (ईएमएस)। बढ़ती मुद्रास्फीति के मद्देनजर बाजार नियामक सेबी ने अगले आदेश तक गेहूं, कच्चे पाम तेल, मूंग और कुछ अन्य जिंसों में नए डेरिवेटिव अनुबंध पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक नए डेरिवेटिव पर पाबंदी लगाने वाला यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। सेबी के ये निर्देश एक साल के लिए लागू होंगे। जहां तक पहले से चल रहे अनुबंधों का सवाल है तो उनमें कोई भी नया सौदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और केवल सौदे को पूरा करने की ही इजाजत होगी।

धान (गैर-बासमती), गेहूं, सोयाबीन, कच्चे पाम तेल और मूंग के लिए नए अनुबंधों की शुरूआत पर नियामक ने अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इस सूची में चना, और सरसों के बीज और इसके डेरिवेटिव भी शामिल हैं। इन जिंसों में डेरिवेटिव अनुबंधों को साल की शुरुआत में निलंबित कर दिया गया था। सात कृषि जिंसों पर डेरिवेटिव को एक साल के लिए प्रतिबंधित करने के इस कदम को एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने खाद्य उत्पादों से बढ़ते मुद्रास्फीति दबाव का नतीजा बताया है। वहीं नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स) ने कहा कि इस सूची में शामिल जिंसों में अगले आदेश तक कोई भी नया सौदा नहीं किया जा सकेगा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा कि सरकार घरेलू बाजार में खाने के तेल की ऊंची कीमतों के कारण यह कदम उठाने को मजबूर हुई है।

## आरएआई बोली- नवंबर में घरेलू खुदरा बिक्री कोरोना महामारी से पहले के स्तर से नौ फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। रिटेल यानि खुदरा उद्योग संगठन आरएआई ने कहा कि घरेलू बाजार में नवंबर में खुदरा बिक्री महामारी से पहले के स्तर नवंबर 2019 के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़ गई, जो देश में सुधार का संकेत है। हालांकि, आरएआई ने कहा कि ओमीक्रोन वेरिएंट के चलते महामारी की तीसरी लहर की आशंका चिंता की वजह है। भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) ने अपने खुदरा व्यापार सर्वेक्षण में कहा कि पिछले महीने वृद्धि दर 2020 के इसी महीने की तुलना में 16 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक सभी क्षेत्रों में खुदरा व्यवसायों ने महामारी से पहले के स्तर के मुकाबले बिक्री में वृद्धि का संकेत दिया है। इस दौरान नवंबर 2019 की तुलना में पश्चिम भारत ने 11 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दिया, जबकि यह आंकड़ा पूर्व और दक्षिण भारत में नौ प्रतिशत तथा उत्तर भारत में छह प्रतिशत रहा। आरएआई के सीईओ कुमार राजगोपालन ने खुदरा प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'व्यापार में सुधार हो रहा है और हमें उम्मीद है कि यह रुख कायम रहेगा। हालांकि, ओमीक्रोन के चलते तीसरी लहर की चिंताएं हैं, जिससे सतर्कता बरती जा रही है।'

## इस्लामी कानून के मुताबिक तुर्की के राष्ट्रपति ब्याज दर न बढ़ाने दिया बयान, 'लीरा' औधें मुंह गिरी

अंकारा (ईएमएस)। इस्लामिक राष्ट्र तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के ताजा बयान से तुर्की की करेंसी लीरा में गिरावट दर्ज की गई। दरअसल तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन ने कहा कि इस्लाम में कम ब्याज लेने या फिर ब्याज ना लेने की बात कही गई है, इसलिए वह ब्याज दरों को नहीं बढ़ाएंगे। एर्दोआन के इस बयान के बाद तुर्की की नेशनल करेंसी लीरा में डॉलर के मुकाबले लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अपने संबोधन के दौरान एर्दोआन ने कहा, 'लोगों को इस बात की शिकायत रहती है कि हम ब्याज दरों में कटौती करते रहते हैं। आप इसके अलावा मुझसे किसी तरह की उम्मीद भी मत रखिए। मैं एक मुसलमान हूं, इसलिए मैं इस्लाम की शिक्षा के तहत ही काम करता रहूंगा।'

आपको बता दें कि लीरा में लगातार पांच दिनों से गिरावट दर्ज की रही है। सोमवार को एशियाई कारोबार में लीरा में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और इसकी वैल्यू 17.624 प्रति डॉलर तक पहुंच गई। बीते तीन महीनों में लीरा ने अपनी आधी वैल्यू खो दी है। हैरान करने वाली बात यह है कि इन तीन महीनों में दुनिया के किसी भी देश की करेंसी में ऐसी भारी गिरावट दर्ज नहीं की गई है।

ऐसा नहीं है कि एर्दोआन ने पहली बार तुर्की के बिगड़ते आर्थिक हालात के लिए इस्लाम का सहारा लिया है। इससे पहले भी एर्दोआन कह चुके हैं कि इस्लाम मुस्लिमों को उधार के पैसे पर ब्याज लेने से मना करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि कुछ देशों द्वारा तुर्की पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों की वजह से लीरा के मूल्य में गिरावट आ रही है। उन्होंने यह भी साफ कर दिया था कि तुर्की अपनी आर्थिक नीतियों में बदलाव नहीं करेगा। गौरतलब है कि एर्दोआन की नीतियों के चलते बीते इस साल लीरा का मूल्य डॉलर के मुकाबले 57 प्रतिशत तक गिरा है।

## दक्षेस महासचिव रुवान वीराकून आज से पाकिस्तान के दौरे पर

इस्लामाबाद (ईएमएस)। दक्षेस महासचिव एसाला रुवान वीराकून बुधवार को पाकिस्तान का दौरा करने वाले है। इस दौरान वह प्रधानमंत्री इमरान खान, विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करने वाले है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। मार्च 2020 में पदभार ग्रहण करने के बाद से महासचिव की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है।विदेश कार्यालय ने कहा कि वीराकून 22 से 25 दिसंबर तक पाकिस्तान के दौरे पर रहकर प्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों के साथ बैठक करने वाले हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा, यह यात्रा दक्षेस के उद्देश्यों और सिद्धांतों के प्रति पाकिस्तान की प्रतिबद्धता को दोहराने, दक्षेस के साथ सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर हमारे दृष्टिकोण को साझा करने और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान के प्रयासों को रेखांकित करने का एक अवसर है।'' दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) एक क्षेत्रीय समूह है, जिसमें भारत, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान, मालदीव, अफगानिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं।दक्षेस 2016 से बहुत प्रभावी नहीं रहा है, क्योंकि 2014 में काठमांडू में हुए सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है।

वर्ष 2016 का दक्षेस शिखर सम्मेलन इस्लामाबाद में होना था, लेकिन उसी साल 18 सितंबर को उरी में भारतीय सेना के शिविर पर हुए आतंकवादी हमले के बाद, भारत ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की थी। इसके बाद बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी इस्लामाबाद में बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया था, इसकारण शिखर सम्मेलन रद्द कर दिया गया था। श्रीलंकाई राजनयिक वीराकून ने पिछले साल मार्च में दक्षेस महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया था। वह दक्षेस के 14वें महासचिव हैं।

## भारत दौरे में भव्य स्वागत से पुतिन गदगद, पीएम मोदी को फोन कर जताया आभार

मास्को (ईएमएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। इस दौरान उन्होंने भारत दौरे पर हुए भव्य स्वागत को लेकर पीएम मोदी का आभार भी जताया। पुतिन ने दोनों देशों के बीच हुए समझौतों को तेजी से लागू करने के पहलुओं पर बात की। दोनों नेताओं ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और सुरक्षा के मुद्दों पर पर भी बातचीत की। पुतिन 6 दिसंबर को भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे थे।

भारत प्रवास के दौरान, पीएम मोदी ने हैदराबाद हाउस में उनकी अगवानी की। भारत और रूस के बीच एके-203 राइफल समेत कई दूसरे डील पर भी हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा, सैन्य सहयोग समझौते को 10 साल (2021-31) के लिए बढ़ाया गया था। पुतिन के भारत पहुंचने से कुछ दिन पहले ही एस-400 डिफेंस सिस्टम की पहली यूनिट को रूस ने भारत के लिए रवाना कर दिया था।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि 20 दिसंबर को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। रूसी राष्ट्रपति ने 6 दिसंबर को नई दिल्ली की उच्च स्तरीय यात्रा के दौरान रूसी प्रतिनिधिमंडल को दिए गए आतिथ्य के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने समझौतों को लागू करने के व्यावहारिक पहलुओं पर इस बातचीत के दौरान चर्चा की और रूस और भारत के बीच स्पेशल स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप को और मजबूत करने की मंशा जताई।

भारत ने रूस को अहमियत देते हुए इस साल पहली बार टू प्लस टू मीटिंग भी आयोजित की थी। रूस दुनिया का चौथा ऐसा देश है, जिसके साथ भारत टू प्लस टू मीटिंग करता है। इसमें भारत के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री के अलावा संबंधित देशों के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री भी शामिल होते हैं। इससे पहले भारत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ टू प्लस टू बैठक करता रहा है। पुतिन ने दिल्ली दौरे के समय भारत को दुनिया की बहुत बड़ी ताकत करार दिया था। उन्होंने कहा था कि हम भारत को एक बहुत बड़ी शक्ति, एक मित्र राष्ट्र और वक्त की कसौटी पर खरा उतरा मित्र मानते हैं। दोनों देशों के बीच संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं और मैं भविष्य की ओर देख रहा हूं। पुतिन ने कहा था कि दोनों पक्ष वैश्विक मुद्दों पर सहयोग जारी रखे हुए हैं तथा कई मुद्दों पर दोनों पक्षों के रुख में समानताएं हैं। उन्होंने आतंकवाद को लेकर भी भारत का समर्थन किया था।

# यूपीआई पेमेंट में रहें अलर्ट, लापरवाही से खाली हो सकता है खाता

-लापरवाही हुई तो आप साइबर फ्रॉड का बड़ी आसानी से टारगेट बन जाते हैं

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत में ऑनलाइन या डिजिटल लेनदेन में कई गुना वृद्धि हुई है और यह वृद्धि लगातार जारी है। ऑनलाइन पेमेंट इतना आसान हो गया है कि अब तो लोग चाय की दुकान पर 5 रुपये का भी पेमेंट ऑनलाइन करते हैं। ऑनलाइन पेमेंट की दुनिया जितनी आसान है उतना ही इसमें अलर्ट रहने की जरूरत है। क्योंकि जरा सी लापरवाही आपका बैंक खाता खाली कर सकती है। इस समय आपका मोबाइल फोन ही आपका वॉलेट है और बैंक अकाउंट है। इसलिए अगर लेनदेन के दौरान मामूली सी लापरवाही भी होती है तो आप साइबर फ्रॉड का बड़ी आसानी से टारगेट बन जाते हैं। इसलिए मोबाइल एप के इस्तेमाल के समय अलर्ट रहना और सुरक्षा संबंधी तरीकों का पालन करना जरूरी हो जाता है।

साइबर धोखेबाजी से बचने के लिए कभी भी किसी के साथ अपना यूपीआई एड्रेस शेयर ना करें। आपका यूपीआई एड्रेस आपके फोन नंबर, क्यूआर कोड या वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) के बीच कुछ भी हो सकता है। आपको किसी भी भुगतान या बैंक एप्लिकेशन के माध्यम से किसी को भी अपने यूपीआई अकाउंट तक पहुंचने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। कई बार लोगों के पास फोन कॉल आती हैं कि वे बैंक या पेमेंट ऐप कंपनी से बोल रहे हैं और वे आपसे आपके डिजिटल ट्रांजैक्शन से जुड़ी जानकारी मांगते हैं। ऐसा बिल्कुल भी ना करें, क्योंकि ये कॉल फ्रॉड होती हैं। लोग यह गलती अक्सर करते हैं कि वे पेमेंट के लिए जिस ऐप का इस्तेमाल करते हैं उसे अपडेट नहीं रखते। जरूरी है कि मोबाइल ऐप को अपडेट करते रहें। यूपीआई पेमेंट ऐप समेत प्रत्येक ऐप को लेटेस्ट वर्जन में अपग्रेड किया जाना चाहिए क्योंकि ऐप के अपडेट से आपका ऐप ज्यादा सुरक्षित रहता है।

ऐप्स को लेटेस्ट वर्जन में अपग्रेड करने से आपका अकाउंट भी सेफ रहता है। डिजिटल पेमेंट या ट्रांजैक्शन के लिए कई ऐप का इस्तेमाल ना करें। क्योंकि कई ऐप का इस्तेमाल करते समय भूलचूक की गुंजाइश रहती है। ऐप में कोई भी दिक्कत आने पर हेल्प सेंटर की मदद लें। किसी बाहरी व्यक्ति से इस बारे में मदद ना लें। बिना सोचे समझे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। यूपीआई स्कैम का इस्तेमाल हैकर यूजर्स को फंसाने के लिए करते हैं। हैकर्स एक लिंक शेयर करते हैं या कॉल करते हैं और उपयोगकर्ताओं को वेरिफिकेशन के लिए एक नया ऐप डाउनलोड करने के लिए कहते हैं। आपको कभी भी ऐसे लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए और न ही पिन या किसी अन्य जानकारी को किसी के साथ शेयर करना चाहिए। बैंक कभी भी पिन, ओटीपी या कोई अन्य पर्सनल डिटेल नहीं मांगते हैं।

# एशियाई विकास बैंक ने नेपाल में कार्यरत चीन की 3 भ्रष्ट सरकारी कंपनियां ब्लैकलिस्ट की

-भारत ने काठमांडू से रक्सौल तक ट्रेन चलाने के अपने प्रयास तेज कर दिए

काठमांडू (ईएमएस)। भारतीय सीमा पर चीन की करतूते नेपाल के रास्ते जारी है, वहीं एशियाई विकास बैंक ने भी घोटालेबाज चीन की 3 बड़ी कंपनियों को काली सूची में डाल दिया है। यही नहीं एडीबी ने इन चीनी कंपनियों को नेपाल के एयरपोर्ट विकास प्रोजेक्ट में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी है। उधर, भारत ने नेपाल में बड़ा दांव चलते हुए काठमांडू से रक्सौल तक ट्रेन चलाने के लिए अपने प्रयास को काफी तेज कर दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कई सूत्रों ने बताया कि एडीबी के भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय ने चीन सरकार समर्थित 3 कंपनियों चाइना सीएमसी इंजीनियरिंग कंपनी, नॉर्थवेस्ट सिविल एविएशन एयरपोर्ट कंस्ट्रक्शन ग्रुप और चाइना हार्बर इंजीनियरिंग पर कई अपराधों में दोषी पाए जाने के बाद उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया है। नेपाल के काठमांडू स्थित त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विकास करने के लिए करीब 24 कंपनियों ने इच्छा जताई थी लेकिन केवल 4 चीनी कंपनियों ने ही अपने दस्तावेज दाखिल किए।

इन 4 चीनी कंपनियों में से 2 को मनिला स्थित एडीबी ने ब्लैक लिस्ट किया है। चाइना सीएमसी इंजीनियरिंग कंपनी और चाइना हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी को काली सूची में डाला गया है। चाइना सीएमसी इंजीनियरिंग कंपनी अभी नेपाल के पोखरा इंटरनैशनल एयरपोर्ट को बना रही है और एडीबी ने प्रतिबंधों की सूची में डाला है। यही नहीं इस चीनी कंपनी को पाकिस्तान में भी एडीबी के वित्तपोषण वाले प्रॉजेक्ट में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी गई है। चाइना हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी को साल 2023 तक के लिए प्रतिबंधों की सूची में डाला गया है। बांग्लादेश सरकार ने चाइना हार्बर को साल 2018 में ही ब्लैकलिस्ट कर दिया था। यह कंपनी सड़क विभाग के सचिव को घूस देने की कोशिश कर रही थी। एडीबी के इस कदम से काठमांडू एयरपोर्ट का विकास एक बार फिर से रुक गया है। इस बीच भारत ने नेपाल तक रेल पहुंचाने के लिए अपने प्रयास को तेज कर दिया है।

नेपाल सरकार ने भारत को काठमांडू-रक्सौल के बीच प्रस्तावित रेलमार्ग के विकास के लिए अंतिम स्थान सर्वे शुरू करने हेतु जरूरी स्वीकृति को देने का काम शुरू कर दिया है। रक्सौल नेपाल से सटा भारतीय इलाका है। यह ब्रॉडगेज रेलवे लाइन नेपाल की राजधानी काठमांडू को सीधे भारतीय रेलवे के नेटवर्क से जोड़ देगी। इससे भारत के हर शहर तक नेपाल की ट्रेन आसानी से जा सकेगी। रक्सौल तक बनने वाली यह रेल लाइन 136 से लेकर 198 किमी लंबी होगी। माना जा रहा है कि नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत इस रेल परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करना चाहता है। उधर, चीन के केरूंग से काठमांडू के बीच बनने वाली रेलवे लाइन कोरोना के कारण अधर में लटकी हुई है। इस बीच भारत मौके का फायदा उठाते हुए इस परियोजना को पूरा करना चाहता है। भारत तक आने वाले रेललाइन को बनाने का सर्वे कोंकण रेलवे ने किया था।

